हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 30 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 34 .6 डिग्री
न्यूनतम 27 .2 डिग्री

11 सीवर ओवरफ्लो, प्रशासन के खिलाफ लोगों का प्रदर्शन



12 राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन



### कष्ट निवारण समिति की बैठक में 16 में से 13 शिकायतों का निपटारा

# पार्श्वनाथ सोसायटी: बिल्डर को देनी होंगी मूलभूत सुविधाएं, नहीं तो होगी कार्रवाई

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गौरव गौतम ने की अध्यक्षता अधिकारियों को ईमानदारी से काम करने और निर्धारित समयावधि में उनका समाधान करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री गौरव गौतम ने कहा कि पार्श्वनाथ सोसायटी में रहने वाले लोगों को बिना किसी परेशानी के जीवनयापन के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। शुक्रवार को लघु सचिवालय में आयोजित कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यमंत्री ने नगर निगम को निर्देश दिए कि सोसायटी में सड़कों, जल निकासी, बिजली-पानी जैसी सुविधाओं को दुरुस्त करने के लिए आवश्यक कार्यों का त्वरित अनुमान (अस्टीमेट) तैयार किया जाए। साथ ही पुलिस अधिकारियों को आदेश दिए कि सुविधाएं उपलब्ध न करवाने को लेकर बिल्डर पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें।



हाथ जोड़ की फरियाद।



शिकायतें सुनते राज्यमंत्री।

## महिला सशक्तिकरण को प्रयासरत सरकार

पत्रकारों से बातचीत में राज्यमंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रयासरत है। मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा शुरू की गई दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत प्रदेश की 15 लाख से अधिक महिलाओं को सीधा लाभ मिलेगा। चुनाव के समय महिलाओं को 2100 रुपये प्रतिमाह देने का वादा पूरा करके सरकार ने महिलाओं के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साबित किया है। सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व समाज में उनकी स्थिति मजबूत करने को ठोकस कदम उठा रही है।

बैठक में प्राप्त 16 शिकायतों में से 13 शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया गया, जबकि शेष तीन मामलों को अगली बैठक तक निपटाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम लोगों को अपनी समस्याओं का समाधान कराने के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाते हुए शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान करें।

बैठक में विधायक निखिल मदान, एसएमडीए की सीईओ ए मोना श्रीनिवास, पुलिस आयुक्त ममता सिंह, डीसी सुशील सारवान, निगम आयुक्त हर्षित कुमार, एडीसी लक्षित सरीन, एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय, नप चेयरपर्सन मोनिका दहिया इत्यादि मौजूद रहे।

### गलत पेंशन की होगी रिकवरी, दिए निर्देश

बैठक के दौरान गांव पट्टी ब्राह्मणान निवासी अशोक वर्मा और गांव करेवड़ी निवासी राहुल की गलत पेंशन लेने की शिकायत पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई कर रिकवरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

गोहाना में प्लॉट की दीवार गिराकर रास्ता बनाने के मामले की जांच एसडीएम को सौंपते हुए उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। वहीं, फरीदाबाद निवासी ओमप्रकाश धामा की खानपुर खुर्द में चौपाल भूमि पर कब्जे की शिकायत पर भी एसडीएम को सभी दस्तावेजों की गहनता से जांच कर इस मामले में ठोस कदम उठाते हुए कार्रवाई करने के आदेश दिए।

## प्लाट मामला: अगली बैठक में रखें तथ्य

अंसल सुशांत सिटी में रणबीर नामक व्यक्ति को आवंटित प्लॉट के मामले में अगली बैठक में तथ्यों के साथ प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। हसनपुर गांव में रास्ते के विवाद, सिटावली गांव में अवैध कब्जा हटवाकर गली निर्माण, सेक्टर-27 से संबंधित धोखाधड़ी के मामलों सहित कई मुद्दों पर संबंधित अधिकारियों को जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए। गढ़ी बाला गांव के निवासियों की महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना से संबंधित शिकायत पर राज्यमंत्री ने कहा कि पात्र लोगों को सरकार द्वारा निर्धारित जमीन पर प्लॉट दिए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### गांव मोई हुड्डा में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आज

**सोनीपत।** ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के लिए चलाए जा रहे जनसंवाद कार्यक्रम के तहत 30 अगस्त शनिवार को गांव मोई हुड्डा स्थित राजकीय विद्यालय में रात्रि ठहराव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें उपायुक्त सुशील सारवान गांव में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे और उनका समाधान करेंगे।

### नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर 1 सितंबर को

**सोनीपत।** महात्मा आशानंद वधवा हिंदू मंच एवं जिला अन्धता निवारण समिति सोनीपत के तत्वाधान में आंखों का नि:शुल्क कैम्प सरपंच कार्यालय गांव ठरु उलदेपुर सोनीपत में 1 सितंबर सोमवार को किया जाएगा। संस्था प्रधान हरिचंद स्नेही ने बताया कि आचार्य जगदीश शास्त्री ककरोई के ब्रह्मत्व में यज्ञ हवन का आयोजन किया जायेगा। शिविर में नागरिक अस्पताल के नेत्र विशेषज्ञ आंखों की जांच, दवाइयां व नि:शुल्क ऑपरेशन करेंगे।

### थाना खुर्द में फार्म हाउस से सामान चोरी, केस

**खरखौदा।** थाना खुर्द गांव के एक खेत में बने फार्म हाउस से चोरों ने सामान चोरी कर लिया है। देवेंद्र ने बताया कि वह 3 दिन वह गांव से बाहर था। वापसी पर जब फार्म हाउस गया तो मोनोब्लॉक मोटर, समर्सिबल मोटर, दो 4 इंची वाल, एक 7.5 हॉर्स पावर पंखा, ट्रैक्टर टी, सॉफ्ट, पॉटडी, तीन एल्बो, 3 फ्लैंगर, दो बैटरी, 4 लोहे के गाटर, 6 चैनल गायब मिले।

### बड़ी औद्योगिक क्षेत्र को राहत

## तीन दिन बाद बिजली संकट खत्म, उत्पादन फिर से शुरू

- बिजली का ट्रांसफार्मर जलने से करीब 20 से अधिक फैक्ट्रियों में उत्पादन हो गया था ठप।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से जारी बिजली संकट अब समाप्त हो गया है। क्षेत्र में लगे 630 केवीए के ट्रांसफार्मर के खराब होने से करीब 20 फैक्ट्रियों में उत्पादन पूरी तरह ठप हो गया था। लाखों रुपये के नुकसान का सामना कर रहे उद्योगपतियों को अब राहत मिली है। बृहस्पतिवार देर रात करीब दो बजे बिजली निगम के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पूरी रात कड़ी मशक्कत के बाद नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया। साथ ही क्षतिग्रस्त तारों को भी बदल दिया गया। इसके बाद क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई और शुक्रवार सुबह से फैक्ट्रियों का उत्पादन दोबारा शुरू हो गया। उद्योगपतियों का कहना है कि लगातार तीन दिन तक बिजली आपूर्ति बंद रहने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। डिजीसेट से काम चलाना संभव नहीं था। जिससे कई छोटे उद्योग पूरी तरह से बंद पड़े रहे और मजदूर खाली बैठे रहे। बाजार में समय पर आर्डर सप्लाई न होने से कारोबारी चिंता में थे। एमएसएमई औद्योगिक वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कौशिक ने कहा कि नया ट्रांसफार्मर लगाने में तीन दिन का समय लगा। जिससे उद्योगपतियों को काफी नुकसान झेलना पड़ा। बिजली निगम को अपनी व्यवस्था में और सुधार करना चाहिए।

### अनुमति लेने से हुई देरी

बिजली निगम के एसडीओ रवि खोखर ने बताया कि नया ट्रांसफार्मर लगाने की अनुमति मुख्यालय से लेने में समय लग गया। निगम के कर्मचारी पूरी रात लगे रहे और अब क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कर दी गई है।

### फ्रॉर्च्यूनर चालक को मिली जमानत, रोडवेज बस के सामने लहराई थी बंदूक, वायरल हुआ था वीडियो

**सोनीपत।** सोनीपत की अदालत ने रोडवेज बस के सामने हवा में बंदूक लहराने के आरोपित फ्रॉर्च्यूनर चालक को जमानत दे दी है। आरोपित को 50 हजार के निजी मुचलके पर सामान्य जमानत दी गई है। 30 जून 2025 को वीडियो वायरल हुई थी, जिसमें हरियाणा रोडवेज की एक बस के सामने फ्रॉर्च्यूनर कार का चालक हवा में बंदूक लहराता हुआ दिखाई दे रहा था। इसके अलावा बस का रास्ता भी रोकने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान बस के नीचे उतरी सवारियों पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश भी की गई थी। वीडियो वायरल होने के कुछ ही देर बाद पुलिस हरकत में आ गई थी और आरोपित चालक को काबू कर लिया था। आरोपित की पहचान दिल्ली निवासी मोहम्मद संजय खान के रूप में हुई थी। जिसके बाद आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से उसे जेल में भेजा गया था। इस मामले में अधिवक्ता अजय मलिक व अधिवक्ता नितिन जांगड़ा ने आरोपी की ओर से पैरवी की और 27 अगस्त को आरोपित को सामान्य जमानत दी गई है।

### किसान विश्रामगृह में लेबर ठहराने से बिफरे किसान, दिया अल्टीमेटम

## रेस्ट हाउस किसानों के लिए है, लेबर के लिए नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



सोनीपत। किसान विश्राम गृह को खाली करवाने की मांग करते भाकियू से जुड़े किसान।

चौ. देवीलाल चीनी मिल आहुलाना के किसान विश्राम गृह में लेबर ठहराने का भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी (भाकियू) ने कड़ी आपत्ति जताई है। यूनियन से जुड़े किसानों ने शुक्रवार को चीनी मिल पहुंचकर रोष व्यक्त किया व किसान सिंचाई विश्रामगृह को खाली करवाने की मांग की। किसानों ने स्पष्ट कहा विश्रामगृह किसानों के लिए है लेबर के लिए नहीं व एक सितंबर तक खाली करवाने का अल्टीमेटम दिया। जिला प्रधान अशोक लठवाल ने कहा कि मिल में गन्ना लेकर आने वाले किसानों के विश्राम करने के लिए यहां किसान विश्राम गृह बनाया गया है।

विश्रामगृह में मिल द्वारा अपनी लेबर को ठहराया गया है। लेबर विश्रामगृह को गंदा कर रही है। भगत सिंह मलिक ने कहा कि चीनी मिल में पहले भी पुराने विश्राम गृह और जलपान गृहों को भी मिल प्रशासन द्वारा इसी प्रकार से लेबर ठहराकर खराब करवा दिया था। कृष्ण मलिक ने कहा कि अब किसान इस विश्राम को खराब नहीं होने देंगे। अगर चीनी मिल को अपनी लेबर ठहरानी है तो किसी दूसरी जगह बंदोबस्त करे। यूनियन से जुड़े किसानों ने किसान विश्राम गृह को तत्काल खाली करवाया जाए।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दिल्ली-अंबाला रेल मार्ग पर कोचुवेली अमृतसर एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। गाड़ी चालक ने मामले को लेकर राजकीय रेलवे पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। युवक घर से सुबह पार्क में घूमने के लिए आया था। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम होगा।

शिव नगर मिशन चौक निवासी प्रकाश ने बताया कि उसका बेटा अभिषेक (24) की दिल्ली के कुतुबपुर में किताबों की दुकान है। शुक्रवार सुबह वह हर रोज की तरह रेलवे पार्क में घूमने गया था। काफी देर तक वापस नहीं लौटा। अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। जानकारी मिली कि रेलवे लाइन में ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई है। वह अस्पताल पहुंचे। जहां शव की शिनाख्त हो सकी। जांच अधिकारी विकास ने बताया कि उन्हें कोचुवेली अमृतसर एक्सप्रेस के चालक ने उन्हें सूचना दी कि रेलवे पार्क के पास ट्रेन की चपेट में युवक आ गया। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जहां टीम ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। परिजनों के पहुंचने पर शव की पहचान हुई।

### संदिग्ध हालत में युवक ने निगला जहरीला पदार्थ, खानपुर रेफर

**सोनीपत।** जिले के गांव हसनपुर में संदिग्ध हालत में युवक ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। युवक को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यूपी हाल में हसनपुर निवासी राकेश मेहनत-मजदूरी का काम करता है। शुक्रवार देकर रात उसने संदिग्ध हालत में जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी तबीयत खराब होने लगी। पड़ोसी युवक उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचा। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया।

## रिश्वत मामला: आरोपी मैनेजर को भेजा जेल

**सोनीपत।** एसीबी ने बृहस्पतिवार को रिश्वत लेते पकड़े गए ईएसआईसी शाखा के मैनेजर को शुक्रवार को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित मैनेजर विनोद को जेल भेज दिया। आरोपित के पास से ली राशि से 1500 रुपये की राशि बरामद की है। राई निवासी ठेकेदार सागर ने एसीबी को शिकायत दी थी कि उसकी फैक्ट्री में कार्यरत मजदूर काम के दौरान घायल हो गया था। मुआवजे की फाइल ईएसआईसी शाखा में लंबित थी। शिकायतकर्ता के मुताबिक, मैनेजर विनोद ने फाइल पास करने के बदले 16,000 की मांग की थी। इसमें से वह 5,000 पहले ही ले चुका था और शेष 11,000 रिश्वत के रूप में मांग रहा था। एसीबी ने शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए सोनीपत व रोहतक टीम को लगाया। जाल बिछाकर आरोपित को उसके कार्यालय से ही रिश्वत की रकम लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया था। आरोपित को शुक्रवार को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जानकारी मिली है कि आरोपित ने पहले ली पांच हजार रुपये की राशि को खुद पर खर्च कर लिया था। जिसमें से महज 1500 रुपये की राशि को बरामद किया है।

### पीर बाबा पर सो रहे सेवादार को पीटा, घायल

**खरखौदा।** हमलावर युवकों ने गोपालपुर मार्ग स्थित धार्मिक स्थल पर सो रहे सेवादार को ने पीट कर घायल कर दिया। खरखौदा निवासी जगफूल उर्फ पिन्टू ने बताया कि गोपालपुर रोड स्थित पीर बाबा पर वह सेवादार के रूप में काम करता है। बीती रात करीब 2 बजे वह पीर बाबा स्थल के बाहर लकड़ी के तख्त पर सो रहा था। उसी समय पांच युवक उसके पास आकर उसे मारने पीटने लगे। जिनमें से दो युवकों को उसने पहचान लिया है। पांचों युवकों ने लाठी, लकड़ी काटने वाला दरांत और चाकू मारकर उसे घायल कर दिया। जब उसने अपने फोन से उन युवकों की वीडियो बनानी शुरू की तो युवक उसका फोन छीनकर फरार हो गए। युवकों ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। घायल अवस्था में उसे खरखौदा के सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## कार छीनने वाले 5 काबू, गोहाना में वारदात

**गोहाना।** दो युवकों ने वृंदावन घूमने जाने के लिए रोहतक से कार किराये पर ली। तीन दिन तक युवक घूमकर वापस नहीं आए तो मालिक ने जीपीएस से लोकेशन देखी तो कार बिहार में थी। दो दिन बाद कार की लोकेशन गोहाना में मिली। कार मालिक व उसके साथी कार व किराया लेने गोहाना गए तो युवकों ने दोस्तों के साथ हथियार तानकर मालिक से दूसरी कार छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने पीछा कर बहादुरगढ़ से बदमाशों को काबू कर लिया। पूछताछ में पता चला है कि बदमाश बिहार में शराब सप्लाई के लिए किराए की गाड़ी का प्रयोग करते थे। अमन अपने साथी रोहतक में मडौदी के सागर, मदीना के कमलजीत, मोखरा के पंकज व निगांणा के अंकित के साथ स्विफ्ट में चोपड़ा कालोनी गोहाना पहुंचे जहां उनकी ब्रेजा खड़ी थी। अंदर से आए सिवानामाल के अमन व झज्जर में डाबौदा के आशीष बाहर आए। जब उसने ब्रेजा की चाबी मांगी तो हमें महम फाटक के पास आफिस आकर गाड़ी व किराया लेने को कहा। जब वहां पहुंचे तो अमन व आशीष ने अपने साथी मोहित, अमित व एक अन्य को बुलाया, अमित के हाथ में रिवाल्वर व बाकी के हाथों में डंडे व दूसरे हथियार थे आरोपी कार लेकर फरार हो गए।

### डेंगू और मलेरिया से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

# अब तक जिले में मिले 27 डेंगू के मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में डेंगू और मलेरिया के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है ताकि मरीजों को समय पर इलाज उपलब्ध हो सके और बीमारी को फैलने से रोका जा सके। अब तक जिले में डेंगू के 27, मलेरिया के 11 और चिकनगुनिया का एक मरीज मिलने की पुष्टि हो चुकी है। हालांकि राहत की बात यह है कि सभी मरीज स्वस्थ हैं और किसी भी प्रकार की गंभीर स्थिति सामने नहीं आई है। विभाग की टीमें घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने व लापरवाही बरतने वालों को नोटिस देने का काम कर रहे है।

जिला नागरिक अस्पताल और खानपुर कलां स्थित बीपीएस महिला मेडिकल कालेज अस्पताल में डेंगू जांच की सुविधा पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध कराई गई है। विभाग का कहना है कि यदि मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव आती है तो उसके घर और आसपास के क्षेत्रों में तुरंत फॉगिंग कराई जाती है, ताकि मच्छरों को पनपने से रोका जा सके। इन बीमारियों से बचाव का सबसे बड़ा हथियार स्वच्छता है। यदि लोग घरों और आसपास की जगहों पर पानी जमा नहीं होने देंगे और नियमित सफाई रखेंगे तो डेंगू और मलेरिया का खतरा काफी हद तक कम किया जा सकता है। बारिश के मौसम में गमलों, कूलरों, पुराने टायरों व अन्य बर्तनों में पानी इकट्ठा न होने देना बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग ने संभावित मरीजों की पहचान करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। नागरिक अस्पताल में आने वाले ओपीडी मरीजों की जांच की जा रही है, वहीं प्राइवेट लैबों और अस्पतालों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि यदि किसी मरीज में डेंगू की पुष्टि होती है तो उसकी सूचना तुरंत विभाग को दें। इसके साथ ही विभिन्न लैबों में डेंगू और मलेरिया की जांच के लिए निर्धारित दरें तय की गई हैं, ताकि मरीजों से मनमाने ढंग से शुल्क न लिया जा सके।





सोनीपत। घरों में लारवा की जांच करते और स्लाइड के संभावितों के सैंपल लेते स्वास्थ्य कर्मी।

### घर-घर जाकर संभावितों के सैंपल ले रहे स्वास्थ्य कर्मी

जिले में अब तक डेंगू के 27 मरीज सामने आए हैं, लेकिन सभी पूरी तरह स्वस्थ हैं। विभाग द्वारा लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है। गांव-गांव और वार्ड स्तर पर अभियान चलाकर लोगों को साफ-सफाई के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वे मच्छरदानी का इस्तेमाल करें और बुखार होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं। *-डॉ. संदीप लठवाल, मीडिया प्रभारी।*

### पेड़ पर फंदे से लटकता मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

**सोनीपत।** मुरथल थाना सोनीपत क्षेत्र के गांव कुराड़ में स्थित खेतों में पेड़ पर संदिग्ध हालत में युवक का शव फंदे से लटका हुआ मिला। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एफएसएल की टीम को बुलाया। टीम ने वारदात स्थल से जरूरी नमूने एकत्रित कर शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया।

- कुराड़ गांव के खेतों की घटना, सूचना के बाद पुलिस एसएफएल के साथ मौके पर पहुंची, 35 साल बताई जा रही मृतक की उम्र, पुलिस ने शुरू की जांच।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुबह सूचना मिली कि गांव कुराड़ में अमरजीत के खेत में पेड़ पर अज्ञात युवक का शव फंदे पर लटका हुआ है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। युवक की आयु करीब 35 वर्ष है। आसपास के क्षेत्र में उसकी पहचान के प्रयास किए गए, लेकिन किसी ने शिनाख्त नहीं की। एफएसएल व पुलिस टीम मौके से जरूरी नमूने एकत्रित कर शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिवजाया। जांच अधिकारी जोगिंद्र ने बताया कि मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे है। शिनाख्त के बाद आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।




छिपकली एक ऐसा जीव है, जिसका दिल एक मिनट में 1000 से ज्यादा बाद धड़कता है।


मच्छर पुरुषों की तुलना में महिलाओं को अधिक काटते हैं, क्योंकि उनकी त्वचा नरम होती है।



# बिजनेस को मैनेज करने के लिए सीखें अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

हर बिजनेस को सभी ट्रांजेक्शन सही तरीके से मेनटेन करने के लिए अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की जरूरत पड़ती है और आज के समय में बहुत सारे अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर है। जो हर बिजनेस को बेहतर तरीके से मैनेज कर सकते हैं और प्रोफिट और लॉस की रिपोर्ट तथा बिजनेस की बैलेंस सीट बनाने में भी मदद करते हैं। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की मदद से ही किसी भी दुकान या कंपनी के बिजनेस को सही तरीके से मैनेज किया जा सकता है। फिल्म के अकाउंट को मैनेज करने के लिए आपको एक सॉफ्टवेयर की जरूरत पड़ती है। आज के इस आर्टिकल में हम आपको अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की जानकारी देंगे।

## अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर

अकाउंट जिसे हिंदी में लेखा-जोखा कहा जाता है और अकाउंटिंग को लेखांकन के नाम से हिंदी में पुकारा जाता है। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर ऐसे सॉफ्टवेयर जो अकाउंट के हिसाब को मेनटेन रखते हैं। जैसे प्रोफिट , लॉस, सेल, परचेज , एक्सपेंसिज, इंकम सबको मेनटेन करने का काम करते हैं उसे अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर कहते हैं। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग इनवोयस जनरेट के लिए भी किया जाता है। इसके अलावा किसी भी बिजनेस के लिए अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग करते हैं तो उस अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर से तैयार किए गए डाटा की हर महीना या हर तिमाही जीएसटी फिलिंग के दौरान जरूरत पड़ती है। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर से ही आपकी सेल कितनी हुई है और आपको कितना प्रोफिट हुआ है। इस बात का अंदाजा लगाया जाता है। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग आज के समय में किया जा रहा है। छोटे बिजनेस वाले भी इस प्रकार के सॉफ्टवेयर का प्रयोग करके अपने बिजनेस के अकाउंट को पूरी तरह से मैनेज कर रहे हैं और अच्छे से सुरक्षित कर रहे हैं।

## क्यों है जरूरी

किसी भी कंपनी या किसी भी दुकान से संबंधित सभी फाइनेंसियल गतिविधियों को एक ही जगह पर मैनेज करके रखना और हर समय जरूरत पड़ने पर इस प्रकार की गतिविधि को ट्रेस करना या देखना यह सभी अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की वजह से ही संभव है। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग बिजनेस में इसलिए किया जा रहा है। क्योंकि जिन लोगों का बड़ा काम है या कहने का मतलब है, जिन लोगों का सालाना टर्नओवर अधिक है। उन लोगों को हाथ से सब कुछ मेनटेन करने में बहुत ज्यादा समस्या होती है और हाथ से अकाउंटिंग मेनटेन करना काफी जटिल हो जाता है। अतः इसी बात को ध्यान में रखते हुए अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग किया जाता है और यह सॉफ्टवेयर जटिलता को कम करते हैं और कम समय में बहुत सारी सुविधाएं प्रदान कराते हैं।

## सबसे अच्छे अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर

अपने बिजनेस के लिए अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग हर कोई व्यक्ति करता है। लेकिन जो लोग अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर खरीदने के बारे में सोच रहे हैं या अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग करने के बारे में सोच रहे हैं। उन लोगों के मन में एक बात अवश्य होती है कि कौन सा अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर मेरी फर्म के लिए अच्छा रहेगा। तो हम आपको बेहतरीन अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की जानकारी नीचे प्रदान करवा रहे हैं।

## अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर के फायदे

- किसी भी दुकान या कंपनी के अकाउंट कार्य को इस सॉफ्टवेयर की मदद से बहुत आसान बनाया जा सकता है।
- अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की मदद से आपको सिर्फ एक एंट्री लेनी होती है। उसके पश्चात सारा कैलकुलेशन सॉफ्टवेयर के आधार पर ऑटोमेटिक किया जाता है।
- हर पार्टी का प्रति वर्ष का स्पेशल डाटा पूरा सॉफ्टवेयर की मदद से मिल जाता है। प्रत्येक पार्टी के साथ जितना लेनदेन हुआ है और कौन सी तारीख को हुआ है उसकी सारी जानकारी सॉफ्टवेयर में आपको आसानी से मिल जाती है।
- बुक के जरिए अकाउंट मेनटेन करते समय आपको किसी भी पार्टी की डिटेल निकालने में बहुत ज्यादा समय देने की जरूरत होती थी। लेकिन अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की मदद से बिल्कुल कम समय में आप किसी भी पार्टी के पिछले कई सालों के अकाउंट की डिटेल आसानी से निकाल सकते हैं।
- बुक के जरिए अकाउंट मेनटेन करते समय आपको किसी भी पार्टी की डिटेल निकालने में बहुत ज्यादा समय देने की जरूरत होती थी। लेकिन अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की मदद से बिल्कुल कम समय में आप किसी भी पार्टी के पिछले कई सालों के अकाउंट की डिटेल आसानी से निकाल सकते हैं।
- अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की मदद से आप अपने डेटा को सुरक्षित भी कर सकते हैं। सुरक्षित करने के लिए आपको बैकअप का ऑप्शन मिलता है। इसके अलावा अधिकतर अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर में ऑटोमैटिक बैकअप सुविधा मिलती है।

## सबसे अच्छा सॉफ्टवेयर टेली प्राइम

आज के समय में बिजनेस में सबसे अधिक उपयोग होने वाला सॉफ्टवेयर टेली प्राइम है। हालांकि टेली प्राइम का पुराना नाम टेली था। जिसे टेली ईआरपी 9 में बदला गया। टेली नाम सबसे पहले बिना जीएसटी काम के लिए होता था। उसके पश्चात टेली सॉफ्टवेयर को अपग्रेड करके टेली ईआरपी 9 विद जीएसटी के साथ लांच किया और उसके बाद इसका नया वर्जन जो साल 2021 में टेली प्राइम के नाम से आया है। 90% बिजनेसमैन इसी सॉफ्टवेयर का प्रयोग करते हैं। क्योंकि यह सॉफ्टवेयर उपयोग करने में काफी आसान है और इस सॉफ्टवेयर की मदद से हर प्रकार का डाटा अच्छे तरीके से स्टोर करके रख सकते हैं।

## यह एक प्रतिष्ठित पद, कड़ी मेहनत से ही मिलती नौकरी

# बेहतर भविष्य बनाना चाहते हैं तो आरटीओ ऑफिसर बन चमका सकते हैं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

आरटीओ अफसर एक प्रतिष्ठित पद होता है। इस पद को प्राप्त करने के लिए बहुत कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। सरकारी नौकरी का नाम सुनते ही भविष्य में सुरक्षा नाम का शब्द और भी मजबूती लेकर आता है। अगर आप भी अपना बेहतर भविष्य बनाना चाहते हैं तो इसके लिए आप आरटीओ ऑफिसर बनने के बारे में विचार कर सकते हैं। आज के आर्टिकल में हम आपको इसी बात की जानकारी देने जा रहे हैं कि आरटीओ अफसर क्या होता है। आपने अक्सर ही आरटीओ ऑफिसर के बारे में जरूर सुना होगा। अगर आपके घर में गाड़ी है या किसी के पास लाइसेंस है तो इस बात की जानकारी आपको अवश्य होगी। यह सरकारी विभाग होता है जो भारत सरकार के अंतर्गत ही आता है। यह विभाग मोटर वाहन से जुड़े अधिनियम के पालन देखने को रक्षा के लिए बनाया हुआ है। मोटर वाहन विभाग की स्थापना 1988 की धारा 213 के तहत की गई थी। यह पूरे देश में लागू एक केंद्रीय अधिनियम है। प्रत्येक राज्य और शहर में अपना ही एक आरटीओ कार्यालय होता है जहां पर सब की जिम्मेदारी अलग-अलग होती है।




### आरटीओ की फुल फॉर्म

आरटीओ की फुल फोर्म रिजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिसर होता है। जिसका हिंदी में मतलब होता है क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय। आरटीओ ऑफिसर वह ऑफिसर होता है जो इन सभी दफ्तर में एक अधिकारी के तौर पर काम करता है। हर ऑफिस के लिए अलग-अलग आरटीओ ऑफिसर नियुक्त किया जाता है। सरल भाषा में ऑफिसर को इंचार्ज भी कहा जा सकता है।

### आरटीओ के पद की रैंक

आरटीओ ऑफीसर ग्रेड बी का अधिकारी होता है। यह एक उच्च अधिकारी में सम्मिलित होता है जिसे अपने क्षेत्र के वाहन की जांच करने और वाहन से संबंधित सभी प्रकार के डॉक्यूमेंट की जांच करने का अधिकार प्राप्त होता है।

## वाहन जांच करने और चालान काटने का अधिकार






## आरटीओ ऑफिसर को करने पड़ते हैं ये काम

अगर आप भी आरटीओ ऑफिसर बनने की चाहत रखते हैं तो इसके लिए आपको इस बात की जानकारी रखना बहुत ही ज्यादा जरूरी है, कि आखिरकार आरटीओ ऑफिसर के क्या-क्या काम होते हैं। तो आइए आपको बताते हैं कि आरटीओ ऑफीसर क्या काम करता है।

**1. ड्राइविंग लाइसेंस :** आपने अक्सर ही ड्राइविंग लाइसेंस के बारे में सुना होगा। जब किसी वाहन को चलाया जाता है तो उसको चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना बहुत ही ज्यादा जरूरी होता है। यह लाइसेंस आरटीओ डिपार्टमेंट के द्वारा ही मिलता है। ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए कुछ ड्राइविंग के टेस्ट देने भी अनिवार्य होते हैं। जब हम इन टेस्ट में पास हो जाते हैं तभी हमारा लाइसेंस बनता है। यह काम आरटीओ ऑफिस में होता है।

**2. वाहन का रजिस्ट्रेशन :** जब कोई नया वाहन खरीदता है तो उस पर कानूनी आधार पर हक पाने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होता है। बिना नंबर प्लेट के कोई भी गाड़ी चलाना गैरकानूनी माना जाता है। यह काम भी आरटीओ डिपार्टमेंट का ही होता है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आपको आरटीओ ऑफिस में जाना ही पड़ता है।

**3. प्रदूषण का टेस्ट :** आरटीओ टीम के द्वारा गाड़ियों का प्रदूषण लेवल भी टेस्ट किया जाता है, जिस वाहन में ज्यादा प्रदूषण होता है उनका लाइसेंस कैंसल कर दिया जाता है। समय-समय पर प्रदूषण का टेस्ट अनिवार्य होता है।

**4. बीमा :** अगर आप अपने वाहन का इंश्योरेंस करवाना चाहते हैं तो इसके लिए भी आपको आरटीओ डिपार्टमेंट में जाना ही जरूरी होता है। यह काम आरटीओ ऑफीसर के द्वारा ही किया जाता है। अगर आपको अपनी गाड़ी का बीमा करवाना है तो आपको आरटीओ ऑफिस में जाना ही पड़ेगा। यह सभी काम आरटीओ ऑफीसर को करने होते हैं। इसी के साथ आरटीओ ऑफीसर की पोस्ट भी अलग-अलग होती है लिए आपको उन सभी की जानकारी देते हैं।



## कैसे बन सकते हैं आरटीओ ऑफिसर

- गाड़ियों का पंजीकरण भारतीय सरकार के विभाग के द्वारा ही किया जाता है जिसे आरटीओ डिपार्टमेंट कहा जाता है। लेकिन आरटीओ ऑफिसर बनने के लिए बहुत ही ज्यादा कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। आइए आपको विस्तार में समझाते हैं कि आरटीओ ऑफिसर कैसे बन सकते हैं।
- आरटीओ ऑफीसर के लिए सीधा चयन नहीं होता है। इसके लिए आपको सबसे पहले आरटीओ या आईएमवी के पद पर चयनित होना पड़ता है। इसके कुछ सालों बाद ही आरटीओ के पद पर नियुक्ति होती है।

## क्या है जरूरी योग्यता

- सबसे पहले उम्मीदवार को 12वी पास होना अनिवार्य होता है।
- अगर आप इसमें और भी अधिक हाई पोस्ट प्राप्त करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन में पास होना अनिवार्य है।
- इस पद के लिए महिलाएं और पुरुष दोनों ही समान पूर्वक आवेदन कर सकते हैं।
- आरटीओ ऑफिसर बनने के लिए न्यूनतम आयु सीमा 21 साल है और अधिकतम आयु सीमा 30 साल है।
- ओबीसी उम्मीदवार के लिए 3 साल तक की छूट दी जाती है और एससी और एसटी के लिए 5 साल तक की छूट दी जाती है।
- बाकी सभी राज्यों की अलग-अलग आयु सीमा क्वालिफिकेशन अलग-अलग निर्धारित की जाती है।

## लिखित परीक्षा की जानकारी

- आरटीओ की जो लिखित परीक्षा होती है वह 2 घंटे की होती है। इसमें 200 अंक का पेपर जारी किया जाता है और उसी के अनुसार प्रश्न पूछे जाते हैं। इसमें निम्नलिखित सब्जेक्ट से संबंधित प्रश्न किए जाते हैं।
- आर्थिक और सामाजिक विकास
- पर्यावरण और पारिस्थितिकी
- भारत का इतिहास और भूगोल
- राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय वर्तमान घटनाक्रम
- अंग्रेजी भाषा
- सामान्य विज्ञान

## शारीरिक परीक्षण

- लिखित परीक्षा पास करने के बाद फिजिकल टेस्ट होना भी अनिवार्य होता है। इसी के अनुसार नौकरी में पद निर्धारित किया जाता है।
- अगर आप सुरक्षा से संबंधित नौकरी के लिए आवेदन कर रहे हैं तो इसके लिए फिजिकल टेस्ट और मेडिकल टेस्ट का मानक अलग-अलग होता है और अगर आप अन्य पद के लिए आवेदन कर रहे हैं तो उसका स्टैंडर्ड भी अलग होता है।
- फिजिकल टेस्ट और मेडिकल टेस्ट के द्वारा उसे विभागीय संस्था के योग्य और अयोग्य ही आपको घोषित किया जाता है और उसी के अनुसार आपको पद भी दिया जाता है। इसीलिए उम्मीदवार को उसमें भी उत्तीर्ण होना अनिवार्य होता है।
- फिजिकल टेस्ट चयन प्रक्रिया लड़की या लड़का माप तोल विभिनता के अनुरूप ही होता है जैसे की लंबाई सीना दौड़ इत्यादि सभी को निर्धारित करते हुए फिजिकल टेस्ट किया जाता है। पुरुष अभ्यार्थी के बजाएं महिला अभ्यर्थी को कुछ चीजों में छूट भी दी जाती है।

# यह देश हमारा है, शिक्षा हमारी दिशा और हम युवा इस देश का भविष्य



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आजादी का दिन हर भारतीय के दिल में एक खास जगह रखता है। अगस्त वह महीना है जब हमारा प्यारा भारत 1947 में आजाद हुआ, जब अनगिनत वीरों ने अपनी जान की बाजी लगाकर हमें स्वतंत्रता का अनमोल तोहफा दिया। यह दिन केवल झंडा फहराने या उत्सव मनाने का नहीं, बल्कि उन बलिदानों को याद करने का है, जो हमें आजादी की सांस लेने का मौका दे गए। यह दिन हमें यह भी सिखाता है कि यह देश हमारा है, शिक्षा हमारी दिशा है, और हम युवा इस देश का भविष्य हैं। यह हमें याद दिलाता है कि यह देश हमारा है, और इसे संवारने की जिम्मेदारी भी हमारी है। शिक्षा हमारी दिशा है, जो हमें सही रास्ता दिखाती है, और हम युवा इस देश का भविष्य हैं, जो इसे नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

## यह देश हमारा है, इसे संजोएं

हमारा भारत एक ऐसा देश है, जिसकी मिट्टी में बलिदान, संस्कृति और प्रेम की कहानियां बसी हैं। स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने खून-पसीने से इस देश को आजाद कराया ताकि हम खुली हवा में सांस ले सकें। यह देश हमारा घर है, हमारी पहचान है, और हमारा गर्व है। इस देश को सिर्फ एक भौगोलिक सीमा न समझें, यह आपके सपनों, उम्मीदों और जिम्मेदारियों का प्रतीक है। हर बार जब आप अपने देश का झंडा लहराते देखें, तो अपने दिल में यह संकल्प लें कि आप इस देश को और सुंदर, समृद्ध और मजबूत बनाएंगे। यह देश आपका है, इसे प्यार करें, इसे संजोएं और इसके लिए कुछ करें।

**शिक्षा: हमारी दिशा, हमारी ताकत :** शिक्षा वह दीया है, जो अंधेरे को दूर करता है। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने न केवल आजादी के लिए लड़ा, बल्कि एक शिक्षित और जागरूक भारत का सपना भी देखा। डॉ. भीमराव अंबेडकर, मौलाना अबुल कलाम आजाद जैसे महानायकों ने शिक्षा को देश की प्रगति का आधार माना। शिक्षा आपके लिए केवल किताबें और डिग्रियां नहीं, बल्कि वह हथियार है, जो आपको और आपके देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। जब आप पढ़ते हैं, तो आप न केवल अपने लिए, बल्कि अपने देश के लिए एक बेहतर भविष्य गढ़ते हैं। हर किताब, हर पाठ, और हर सवाल आपको इस देश का जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा देता है। अपनी शिक्षा को गंभीरता से लें, क्योंकि यह आपकी और देश की दिशा तय करती है।

**युवा: देश का धड़कता दिल :** युवा किसी भी देश का सबसे बड़ा खजाना होते हैं। स्वतंत्रता संग्राम में भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद जैसे युवाओं ने अपनी जान की परवाह किए बिना देश को आजाद कराने का बीड़ा उठाया। आज का युवा, यानी आप, इस देश का धड़कता दिल हैं। आपकी ऊर्जा, आपके सपने, और आपका जुनून भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। आपके पास वह शक्ति है, जो दुनिया बदल सकती है। आपका हर कदम, हर फैसला, और हर मेहनत इस देश को प्रभावित करती है। स्वतंत्रता दिवस आपको यह याद दिलाता है कि आप केवल एक छात्र नहीं, बल्कि इस देश के भविष्य के निर्माता हैं। अपने सपनों को बड़ा रखें, अपने लक्ष्यों के लिए मेहनत करें, और कभी हार न मानें। आपका एक छोटा-सा प्रयास भी देश को गर्व का मौका दे सकता है।

## जीवन में चुनौतियां आएंगी

स्वतंत्रता की लड़ाई आसान नहीं थी। यह अनगिनत बलिदानों, दर्द और दृढ़ संकल्प की कहानी है। रानी लक्ष्मीबाई की तलवार, गांधीजी की अहिंसा, और सुभाष चंद्र बोस की हुंकार हर कहानी हमें साहस और हिम्मत की प्रेरणा देती है। जीवन में चुनौतियां आएंगी, असफलताएं आएंगी, लेकिन स्वतंत्रता सेनानियों की तरह आपको कभी हार नहीं माननी। हर बार जब आप गिरें, और मजबूती से उठें। आपके भीतर वह साहस है, जो पहाड़ों को हिला सकता है। अपने डर को पीछे छोड़ें और अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ें।

**एकता और भाईचारा :** स्वतंत्रता संग्राम में हर धर्म, जाति, और क्षेत्र के लोग एक साथ आए। यह एकता ही थी, जिसने हमें आजादी दिलाई। आज भी, हमारा देश अपनी विविधता में एकता के लिए जाना जाता है। अपने दोस्तों, सहपाठियों और समाज के हर व्यक्ति का सम्मान करें। एक-दूसरे की मदद करें, एक-दूसरे को प्रेरित करें। जब आप एकजुट होंगे, तो कोई भी मुश्किल आपको रोक नहीं पाएगी। यह देश तभी मजबूत होगा, जब हम सब एक-दूसरे का साथ देंगे।

**जिम्मेदारी का एहसास :** स्वतंत्रता का मतलब सिर्फ आजादी नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। हमारे वीरों ने हमें यह आजादी इसलिए दी ताकि हम अपने देश को दुनिया में सबसे ऊंचा स्थान दिलाएं। आप इस देश के भविष्य हैं। छोटी-छोटी चीजों से शुरुआत करें। अपने स्कूल को स्वच्छ रखें, पर्यावरण की रक्षा करें, और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** साबुन के पतले झाग में चमकदार रंगो का बनना किस परिघटना का परिणाम है
(ए) भूलीं परावर्तन और व्यतिकरण
(बी) बहुलित अपवर्तन और परिक्षेपण
(सी) अपवर्तन और परिक्षेपण
(डी) ध्रुवण और व्यक्तिकरण

**2.** वाहन पीछे से आने वाली वस्तुओं को देखने के लिए किसका प्रयोग करते हैं ?
(ए) उत्तल लेंस
(बी) अवतल लेंस
(सी) उत्तल दर्पण
(डी) अवतल दर्पण

**3.** निम्न में से क्या वायुमण्डलीय अपवर्तन का परिणाम नही है
(ए) सूर्य का अपने वास्तविक उदय से दो या तीन मिनट पहले दिखाई पड़ना
(बी) सूर्य का सूर्यास्त के समय लाल दिखाई देना
(सी) रात के समय तारों का टिमटिमाना
(डी) सूर्य का आकाश में अपनी वास्तविक ऊंचाई से ज्यादा ऊंचाई पर दिखाना

**4.** रोगियों के दांत देखने में दन्त चिकित्सकों द्वारा प्रयुक्त दर्पण होता है -
(ए) उत्तल
(बी) अवतल
(सी) समतल
(डी) इनमे से कोई नहीं

**5.** वाहनों के अग्रदीपों में किस प्रकार का दर्पण का इस्तेमाल होता है
(ए) समतल दर्पण
(बी) उतल दर्पण
(सी) अवतल दर्पण
(डी) परवलयिक दर्पण

**6.** दाढ़ी बनाने के लिए काम में लेते है
(ए) अवतल दर्पण
(बी) समतल दर्पण
(सी) उतल दर्पण
(डी) इनमे से कोई नही

उत्तर 1.(ए) 2.(सी) 3.(बी) 4.(बी) 5.(डी) 6.(ए)

## खबर संक्षेप

### यूनिक लाइब्रेरी का 12वां रक्तदान शिविर आज

**गोहाना।** यूनिक लाइब्रेरी का 12वां रक्तदान शिविर 30 अगस्त को आयोजित होगा। रक्तदान शिविर लाखनमाजरा में उप तहसील कार्यालय के सामने यूनिक लाइब्रेरी में प्रात. 9 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा। यूनिक लाइब्रेरी द्वारा हर वर्ष रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है। लाइब्रेरी के शिविर में पीजीआई रोहतक के रक्त कोष की टीम रक्त संकलन के लिए पहुंचेगी।

### दिव्यांगों को जीवन की गतिविधियां सिखाई

**गोहाना।** शुक्रवार को विशेष अध्यापक बलराज सिंह और आरती ने दिव्यांग बच्चों को दैनिक गतिविधियों की जानकारी दी गई। यह शिक्षा उन बच्चों को दी जाती है जो विद्यालय आने में सक्षम नहीं हैं। शैक्षणिक खंड गोहाना के प्रिंसीपल कम-बीआरसी (आईई) समावेशित शिक्षा सतेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में विशेष अध्यापकों ने शहर में गुढ़ा रोड स्थित एक घर में पहुंचे। विशेष अध्यापकों ने वहां दिव्यांग नमन पुत्र जसबीर को टुथ ब्रश से दांत साफ करना, कपड़े पहनना गतिविधियां सिखाई।

### सरकार ने महिलाओं के साथ किया धोखा : सौदा

**सोनीपत।** कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता राकेश सौदा एडवोकेट ने दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना की घोषणा पर कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश की महिलाओं के साथ धोखा किया है उनके साथ विश्वासघात किया है। चुनावों के समय भाजपा द्वारा प्रदेश की सभी महिलाओं को सरकार बनते ही पहली कलम से 2100 रुपये प्रति महिला देने का वायदा किया था।

### स्व. मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाई

**गोहाना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित गीता विद्या मंदिर, गोहाना में शुक्रवार को स्व. मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाई गई। समारोह में शिक्षक और विद्यार्थियों ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया और स्वदेशी वस्तुएं अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की।

### स्वदेशी वस्तुएं अपनाएंगे देश को आगे बढ़ाएंगे

**गोहाना।** शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय बड़ौता में राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद को याद किया गया। विद्यार्थियों को खेलों में भाग लेने और स्वदेशी वस्तुएं अपनाने का संकल्प कराया गया। प्राध्यापक डा. प्रदीप कुंडू ने कहा कि खेल हमें जीवन में अनुशासित रहने की प्रेरणा देते हैं। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनिल ने की। इस मौके पर चैस की प्रतियोगिता कराई गई। राजकीय कालेज बरोदा में छात्रों को मेजर ध्यानचंद के जीवन के बारे में विस्तार से बताया गया।

### शहर में बेसहारा गोवंश की समस्या बनीं परेशानी

**गन्नौर।** शहर में बेसहारा गोवंश की समस्या अब सरकारी कार्यालयों तक पहुंच चुकी है। पुराने तहसील भवन, जहां फिलहाल पटवारियों के कार्यालय संचालित हो रहे हैं, वहां भी गोवंश का बेधड़क प्रवेश हो रहा है। कार्यालय परिसर में गायें और बैल घूमते देखे जा सकते हैं, जिससे कर्मचारियों और यहां आने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने लघु सचिवालय पर किया प्रदर्शन

# गांवों से पानी निकासी की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

### कहीं-कहीं धान की फसल बर्बादी के कगार पर पहुंच चुकी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के तत्वावधान में शुक्रवार को सोनीपत जिला के विभिन्न गांवों से पानी निकासी की मांग को लेकर लघु सचिवालय पर प्रदर्शन किया गया। जिसका नेतृत्व संगठन के जिला प्रधान हंसराज राणा व जिला सचिव जयकरण द्वारा किया गया।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए जिला प्रधान कामरेड हंसराज राणा ने बताया कि खेतों में बरसात के पानी के जमा होने के चलते किसानों की फसल बर्बाद हो रही हैं। विशेषकर कपास, बाजरा, ज्वार व सब्जी की फसलों को नुकसान हो रहा। कहीं-कहीं धान की फसल भी बर्बादी के कगार पर पहुंच चुकी है। किसानों ने अपनी फसलों को दो-ढाई महीने में तैयार किया था जिसमें हजारों रुपए खर्च हुए थे, जो किसान पहले से ही कर्जे में डूबा हुआ था वह अब बर्बाद हो रहा है। किसान कर्जा लेकर यह खर्च करता है, ऐसी स्थिति में उसकी ब्याज सहित लागत ही नहीं बर्बाद हुई बल्कि इस फसल के माध्यम से जो थोड़ा बहुत आमदनी हो सकती थी वह भी अब नहीं रही।



लघु सचिवालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

**ये रहे मौजूद**

गांव भटगांव, लुहारी टिब्बा, रतनगढ़, गढ़ी हकीकत आदि गावों में निकासी का उचित प्रबंध नहीं है उसे तुरंत चालू किया जाए। इस दौरान बलबीर सिंह सैनी, राजबीर मलिक, जय भगवान, प्रताप सिंह, जगबीर, सेवानन्द, रणधीर नाहरा, बलबीर खटक, बहादुर, मास्टर अनूप सिंह, जय भगवान दहिया, नसरु, धर्मवीर बिंदरोली, सुरेश, सुरेन्द्र छिकारा आदि किसान शामिल हुए।

वह अगली फसल बिजाई करने के स्थिति में भी नहीं रहा। यह सब सरकार और प्रशासन की लापरवाही की वजह से हुआ है क्योंकि समय रहते सरकार ने ना तो ड्रेनों की सफाई की ना ही समय रहते पानी की निकासी का काम शुरू किया। कामरेड जयकरण, कामरेड हंसराज राणा, डॉ सत्यपाल रांगी, ईश्वर सिंह दहिया आदि ने नायब तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग की गई कि गांव चिटाना, बड़वासनी, हुल्लाहेड़ी, जाट माजरा की पानी की निकासी के लिए ईस्ट जुआं ड्रेन की सफाई नहीं की गई जिसको तुरंत किया जाए।


**सोनीपत।** सीवर ओवरफ्लो की समस्या से परेशान लोग विरोध प्रदर्शन करते हुए।

### दूषित पानी की निकासी न होने से लोग परेशान

**सोनीपत।** इंडियन कॉलोनी और सरस्वती विहार में सीवर का पानी ओवरफ्लो होने से कॉलोनीवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गंदे पानी की निकासी न होने से लोगों को नारकीय जीवन जीना पड़ रहा है। समस्या के विरोध में जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कॉलोनी में जमा गंदे पानी में बैठकर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। संजय बड़वासनिया ने बताया कि कई महीनों से कॉलोनी में पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे गलियों में पानी भरा हुआ है। इससे लोगों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे और घरों में दुर्गंध के कारण लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि इस समस्या को लेकर कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई समाधान नहीं हुआ। जिला पार्षद ने प्रशासन को दो दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर इस अवधि में पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो कॉलोनीवासी सेक्टर-23 स्थित कार्यालय पर ताला लगाएंगे, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह प्रशासन की होगी। इस मौके पर पूर्व सरपंच विजेंद्र, योगेश, कुलदीप, संदीप, जगविंदर और सतवीर सहित कई लोग मौजूद रहे।


**गोहाना।** बेटी के जन्म को उत्सव के रूप में मनाने की शुरुआत करते हुए चिकित्सकगण एवं स्टाफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

# बेटा घर की आन तो बेटी घर की शान : डॉ. सुमित

- सीएचसी मुंडलाना में बेटी के जन्म को उत्सव की तरह मनाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मुंडलाना में बेटियों के सम्मान में एक गजब की पहल की गई है। अब इस सीएचसी में प्रसव के दौरान जन्म लेने वाली हर बेटी के जन्म को एक उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। मंगलवार को उप सिविल सर्जन डॉ. नीरज यादव की अध्यक्षता में यह पहल वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुमित मलिक द्वारा की गई। डॉ. सुमित ने कहा कि बेटा घर की आन है तो बेटियों से घर की शान है। बेटा अंश है तो बेटी वंश है। सामाजिक विकास के लिए बेटा और बेटी दोनों को समान दर्जा देना बेहद जरूरी है। जब दोनों से एक ही मां की कोख से जन्म लिया तो फिर इनमें भेदभाव कैसा। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुमित मलिक ने कहा कि सीएचसी में शुरू की गई इस पहल से समाज को सकारात्मक संदेश मिलेगा। इस पहल से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ राष्ट्रीय अभियान को भी बल मिलेगा। इस अनूठी पहल के तहत सीएचसी में प्रसव के दौरान जिस बेटी का जन्म होगा उसके माता-पिता सम्मानित किए जाएंगे। इस मौके पर डॉ. मनीष, डॉ. संदीप, डॉ. सीमा, डॉ. मोहित, डॉ. मीनू व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया

**खरखौदा।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मटिंडू में जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ विकसित करना, नेतृत्व गुणों को प्रोत्साहित करना और संवाद कौशल को निखारना था। कार्यक्रम में कक्षा 9 वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न राजनीतिक पदों की भूमिकाएं निभाते संसद सत्र की कार्यवाही का सजीव प्रदर्शन किया। उन्होंने सामाजिक, शैक्षणिक और पर्यावरणीय मुद्दों पर गंभीर चर्चा करते अपनी चिंतन क्षमता और वक्तृत्व कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से धर्मवीर शर्मा और जितेंद्र शर्मा पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते इसे अनुकरणीय और प्रेरणादायक बताया।

### इनसो ने हस्ताक्षर अभियान चलाया

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटूराम विश्वविद्यालय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मुरथल में लगातार चल रही अनियमितताओं के निवारण हेतु छात्र संगठन इनसो नेता शुभम नैन ने एक बैठक का आयोजन किया व सर्वसम्मति से हस्ताक्षर अभियान शुरू करने की घोषणा की। छात्र नेता शुभम नैन के नेतृत्व में हिमांशु धनाना ने इनसो संगठन में शामिल होने की घोषणा की। शुभम नैन ने हस्ताक्षर अभियान को लेकर बताया कि इनसो प्रतिनिधि मंडल विभिन्न समस्याओं को लेकर विवि व सभी संबद्ध कालेजों के छात्रों से मुलाकात करेगा व पांच हजार छात्र छात्राओं के हस्ताक्षर करवा कर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं को दूर करने की अपील करेंगे। शुभम नैन ने बताया कि आज विवि में अनियमितताएं चरम पर है, सबसे बड़ी समस्या रिजल्ट की है रिजल्ट घोषित करने की कोई भी नियमित समय सीमा नहीं है, बिजली, पानी, सड़क की हालत खराब है। मनीष कटारिया, निखिल वर्मा, शुभम चौधरी, अमन अंसारी, साहिब प्रजापति मौजूद रहे।


हस्ताक्षर अभियान के दौरान इनसो नेता शुभम नैन साथ में विवि के विद्यार्थी।


डीडीपीओ जितेंद्र कुमार को सम्मानित करते उपायुक्त एवं अन्य अधिकारीगण।

### चौदह वर्ष की सेवा के बाद डीडीपीओ जितेंद्र सेवानिवृत

**सोनीपत।** पंचायत विभाग में 14 वर्ष से अधिक सेवाएं देने के बाद जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी (डीडीपीओ) जितेन्द्र कुमार शुक्रवार को सेवानिवृत हो गए। पंचायत भवन में आयोजित विदाई समारोह में उपायुक्त सुशील सारवान ने उन्हें सम्मानित कर स्वस्थ और सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दीं। जिले के गांव हरसाना कलां निवासी जितेन्द्र कुमार एमए अंग्रेजी, एलएलबी, एमबीए और एमफिल पास थे। उन्होंने 20 वर्ष तक भारतीय वायु सेना में सेवा दी और जगुआर विमान के इंस्ट्रक्टर के रूप में युवाओं को ट्रेनिंग दी। वायु सेना के बाद पंचायत विभाग में अपनी कार्यशैली और ईमानदारी से उन्होंने लोगों का विश्वास जीता। उनका बड़ा बेटा भी वर्तमान में वायु सेना में मेजर के पद पर देश सेवा कर रहा है। समारोह में नगराधीश डॉ. अनमोल समेत विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### देश को नशा मुक्त बनाना सबकी जिम्मेदारी

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) में शुक्रवार को नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नार्को समन्वय केंद्र द्वारा 'ड्रग-फ्री इंडिया रन' का आयोजन किया गया। यह दौड़ विवि परिसर में भगत फूल सिंह की प्रतिमा से प्रारंभ हुई। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रो. शिवालिक यादव ने कहा कि देश को नशा मुक्त बनाना हम सब की जिम्मेदारी है। यह दौड़ नशामुक्त समाज निर्माण के लिए विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को दर्शाती है। विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों का उत्साह वास्तव में प्रेरणादायी है और हम सभी इस मिशन को आगे भी पूर्ण निष्ठा के साथ आगे बढ़ाएंगे। अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने अपने संदेश में कहा कि 'ड्रग-फ्री इंडिया रन' केवल एक प्रतीकात्मक गतिविधि नहीं अपितु स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य के लिए सामूहिक संकल्प है। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी हमारी साझा प्रतिबद्धता को और प्रबल बनाती है।


ड्रग फ्री इंडिया रन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते प्रो. शिवालिक यादव।


**सोनीपत।** वर्कशॉप के दौरान विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य एवं अन्य।

### व्यर्थ सामान से उपयोगी सामग्री बनाना सिखाया

सोनीपत। राजकीय कन्या महाविद्यालय सोनीपत में शुक्रवार को बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में सुनीता गांधी ने छात्राओं को व्यर्थ के समान से उपयोगी सामग्री बनाना सिखाया। छात्राओं ने इस वर्कशॉप में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। छात्राओं ने व्यर्थ के सामान से फूलदान, झूला और कई सजावटी सामान बनाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना रहा। इस कार्यक्रम में प्राचार्य नरेश कुमार अंतिल ने छात्राओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय से डॉ. वंदना, डॉ. राजवंती, मीनाक्षी रंगा, डॉ. पूनम और अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# गोमाता की सेवा सबसे बड़ा पुण्य: निखिल

- विधायक ने श्री गोशाला जटवाड़ा को सौंपा 59.26 लाख का चेक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

विधायक निखिल मदान शुक्रवार को जटवाड़ा में श्री गोशाला में पहुंचे जहां उन्होंने हरियाणा सरकार और गऊ सेवा आयोग द्वारा श्री गोशाला को जारी 59 लाख 26 हजार 500 रुपए का चेक प्रदान किया। विधायक निखिल मदान ने कहा कि हरियाणा सरकार गौ वंश के रखरखाव और पालन पोषण के लिए पूरी तरह गंभीर है। आज पूरे प्रदेश में पंजीकृत गोशालाओं को सरकार द्वारा अनुदान राशि प्रदान की जा रही है। आज इसी क्रम में उन्होंने सोनीपत की सबसे पुरानी श्री गोशाला को अनुदान राशि का चेक दिया है। इस अनुदान से श्री गोशाला में गोवंशों के लिए हरे चारे और अन्य सुविधाओं में निश्चित रूप से मदद मिलेगी। विधायक निखिल मदान ने कहा कि नगर निगम द्वारा सोनीपत शहर से बेसहारा गौ वंशों को पकड़कर नंदीशाला में भेजने का काम भी किया जा रहा है। भाजपा सरकार की कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है, चुनाव पूर्व घोषणा पत्र में भाजपा द्वारा वादा किया गया था कि गौ वंशों को बेहतर सुविधा सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। इसीलिए आज सभी गौशालाओं को अनुदान राशि प्रदान की जा रही है।


**सोनीपत।** गोशाला में चैक सौंपते विधायक निखिल मदान साथ में कमेटी के सदस्य।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर निगम पार्षद हरि प्रकाश सैनी और गौशाला कमेटी के सभी सदस्य, सुरेश कुमार गुप्ता, प्रमोद कुमार, महताब सिंह, अशोक गर्ग, दीपक गुप्ता, महेंद्र मंगला, अरविंद मित्तल, नीरज वर्मा, अनिल जैन, मनिंदर सिंह, सुमित, भीम सिंह, महेंद्र, सुरेंद्र, पवन तनेजा, सागर चोपड़ा, सतीश दहिया, संजीव कुमार, तरुण कुछल, राजेश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

### ट्रेनिंग कार्यक्रम में से लौटी अनुराधा

**सोनीपत।** द राजीव गांधी नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ यूथ डेवल्पमेंट, चंडीगढ़ के तत्वावधान में लीडरशिप एंड टीम बिल्डिंग विषय पर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ट्रेनिंग कार्यक्रम के लिए जीवीएम गर्ल्स कालेज की एनएसएस की छात्रा अनुराधा का चयन हुआ। ट्रेनिंग कार्यक्रम में सफलतापूर्वक हिस्सा लेकर लौटने पर संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने अनुराधा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जीवीएम की एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी रूचिका विरमानी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग कार्यक्रम के लिए एमडीयू रोहतक के अंतर्गत एनएसएस के चार विद्यार्थियों का चयन किया गया, जिनमें बीए द्वितीय वर्ष की अनुराधा भी शामिल रही। अनुराधा ने बताया कि ट्रेनिंग कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के 38 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। इनमें विशेष रूप से जम्मू एंड कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़ और हरियाणा मुख्य के विद्यार्थी मुख्य रूप से शामिल रहे। कालेज लौटने पर प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने उनका अभिनंदन किया।

### बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**गोहाना।** अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर शहर में बरोदा रोड स्थित बिजली निगम के शहरी कार्यालय में ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन से जुड़े कर्मचारियों ने गेट मीटिंग करके प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से 8वें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू करवाने की मांग की। अध्यक्षता जितेंद्र शर्मा ने की व संचालन वीरेंद्र चोपड़ा ने किया। यूनियन के राज्य कार्यकारिणी के सदस्य सुरेश यादव ने बताया कि केंद्र सरकार ने 8वें वेतन आयोग का लाभ 1 जनवरी 2026 से लागू करने का निर्णय लिया था लेकिन 7 महीने बीत जाने के बाद भी इस आयोग की सिफारिशें लागू नहीं की गई। यादव ने हरियाणा सरकार से मांग की हरियाणा का अलग से वेतन आयोग गठित किया जाए। उनके अनुसार ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी के आहवान पर 4 सितंबर को मुख्य कार्यकारी अभियंता रोहतक के कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में ज्ञापन सौंपा जाएगा।


**सोनीपत।** अस्पताल परिसर में प्रदर्शन करते आशा वर्कर। *फोटो:हरिभूमि*

# नौ महीने से नहीं मिला वेतन, जमकर नारेबाजी

**सोनीपत।** नागरिक अस्पताल में आशा वर्कर्स का धरना शनिवार को भी जारी रहा। आशा वर्कर्स का कहना है कि पिछले 9 माह से मानदेय नहीं मिला है, जिसको लेकर वे 6 अगस्त से आंदोलन कर रही हैं। आशा वर्कर्स ने आरोप लगाया कि नागरिक अस्पताल के वित्त विभाग ने मानदेय से जुड़े बजट बिल समय पर स्टेट हेड क्वार्टर को नहीं भेजे थे। समय सीमा पार होने पर स्टेट हेड क्वार्टर ने बिलों को रिजेक्ट कर दिया, जिसके चलते 9 माह का भुगतान अटका है। वर्कर्स का कहना है कि वित्त विभाग की लापरवाही के कारण हर बार यही स्थिति पैदा होती है। जिससे उन्हें बार-बार धरना-प्रदर्शन का सहारा लेना पड़ता है। आशा वर्कर्स यूनियन ने सरकार से मांग की है कि वित्त विभाग का ऑडिट कराया जाए, ताकि जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान हो सके।

**सूचना**

मैं, रामदिया पुत्र श्री चंदर भान निवासी 174, बैंयापुर खुर्द, तहसील व जिला सोनीपत, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र ललित मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**ग्राम पंचायत छपरा**
**खण्ड कथूरा, तहसील गोहाना, जिला सोनीपत (हरियाणा)**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत छपरा खंड कथूरा, तहसील गोहाना, जिला सोनीपत में आंगनवाड़ी भवन, बीच वाली चौपाल, पंचायत घर, छपरा ड्रैन वाले नाले के पुराने सामान ईंट, कड़ी, शहतीर, चौखट आदि अन्य सामान की खुली बोली 12:00 PM बजे दिनांक 15.09.2025 को हरिजन चौपाल में होनी सुनिश्चित हुई है। इच्छुक बोलीदाता खुली बोली में भाग ले सकते हैं। नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत, छपरा
तहसील गोहाना (सोनीपत)
मो. नं. 9306693825

**शैक्षणिक भ्रमण** साउथ प्वाइंट वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने किया राष्ट्रपति भवन का भ्रमण

# जिम्मेदार बनकर संविधान व लोकतांत्रिक संस्थाओं को समझें और सम्मान करें: वर्तिका

- संसद, राष्ट्रपति भवन और प्रधानमंत्री म्यूजियम देखकर बच्चों ने मिली प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

जीटी रोड, मुरथल स्थित साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों को नई दिल्ली में शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया किया। जहां बच्चों ने भारतीय लोकतंत्र की अहम संस्थाओं और ऐतिहासिक भवनों का अनुभव प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने सबसे पहले संसद भवन का भ्रमण किया। यहां उन्हें लोकसभा और राज्यसभा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। गाइड ने उन्हें दोनों सदनों की कार्यप्रणाली और देश की नीतियों बनाने की प्रक्रिया से अवगत कराया। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि इसके बाद बच्चे राष्ट्रपति भवन पहुंचे। यहां उन्होंने दरबार हॉल, अशोक हॉल और राष्ट्रपति के भोजन कक्ष का अवलोकन किया। बच्चों को बताया गया कि राष्ट्रपति भवन में ध्वज फहराने की परंपरा क्या दर्शाती है, उन्हें बताया गया कि राष्ट्रपति की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज लहराता है, कहीं दौरे या राष्ट्रपति के भवन में नहीं होने पर ध्वज को उतार दिया जाता है। राष्ट्रीय शोक की स्थिति में राष्ट्रीय ध्वज को झुका दिया जाता है। भ्रमण के तीसरे चरण में विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री म्यूजियम का दौरा किया। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री व वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री ने कहा कि इस यात्रा ने बच्चों को यह सिखाया कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में हमें अपने संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं को समझना और सम्मान करना चाहिए। सीईओ भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने बच्चों का हौसला बढ़ाया।


**सोनीपत।** संसद भवन में शैक्षणिक भ्रमण के दौरान साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल, मुरथल के विद्यार्थी।

## खबर संक्षेप



### में खेल दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**गन्नौर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजलुगढ़ी में राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी की जयंती को याद करते हुए विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। संस्थान के प्राचार्य अशोक कुमार वर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और विद्यार्थियों को खेलों के महत्व पर संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, स्वास्थ्य और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं।

### वारदात में शामिल आरोपित काबू, अदालत में पेश

**सोनीपत।** मुरथल थाना पुलिस ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मंजीत उर्फ टीमी निवासी सांघी रोहतक का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### कार्यालय के बाहर से कार के पहियों को किया चोरी

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ओल्ड डीसी रोड पर चोरों का कारनामा सामने आया है। जहां चोर ट्रैवल एजेंसी की गाड़ी ले जाने में नाकाम होने पर फुर्सत से गाड़ी के पहिए चोरी कर फरार हो गए। कार मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

## जिले में कहीं खिलाड़ियों ने खेलों में दिखाई प्रतिभा, कहीं पदक विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई जा रही मेयर ध्यानचंद की जयंती पर जिलेभर में खेल गतिविधियां देखने को मिली। कहीं अलग अलग खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई तो कहीं खेलों में पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस पर गांव से शहर तक खेलों का बोलबाला रहा।



सोनीपत। टीकाराम गर्ल्स कॉलेज में म्यूजिकल चेयर में हिस्सा लेती कॉलेज स्टाफ।

### टीकाराम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत में खेल दिवस हर्षोल्लास से मनाया

टीकाराम गर्ल्स कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। कॉलेज प्राचार्या कंचन सीधर ने मेजर ध्यानचंद की जन्मतिथि पर दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका डॉ. सुमन मान ने बताया कि इस अवसर पर सबसे पहले शपथ ग्रहण की गयी, जिसमे लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया, साथ ही अन्य विभाग की अध्यापिकाओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। आज के कार्यक्रम में छात्राओं के लिए रिले रेस, स्पून लेमन रेस, म्यूजिकल चेयर, बॉल पासिंग का आयोजन किया गया। अध्यापिकाओं के लिए भी म्यूजिकल चेयर का आयोजन किया गया। विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। टीकाराम एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने भी सभी को राष्ट्रीय खेल दिवस की सभी को बधाई दी।

### प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स में जीते 5 पदक



खरखौदा। अपना पदक के साथ अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज अंकुर मित्तल।

**खरखौदा।** जिला स्तरीय स्कूली एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 गोल्ड, 2 सिल्वर व 1 ब्रॉन्ज पदक जिला स्तर पर तथा 1 ब्रॉन्ज पदक सीबीएसई क्लस्टर प्रतियोगिता में जीतकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में सरिता ने शॉटपुट में गोल्ड, भविष्य ने 200 मीटर व नितिन ने 800 मीटर में सिल्वर, निशांत ने 200 मीटर में ब्रॉन्ज तथा यथार्थ ने सीबीएसई क्लस्टर की 800 मीटर दौड़ में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। विद्यालय प्रांगण में विजेता खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया व एथलेटिक्स कोच उत्तम तोमर ने खिलाड़ियों का अभिनंदन किया। वहीं, प्रधान वेदप्रकाश दहिया और संस्थापक सतप्रकाश नम्बरदार ने खिलाड़ियों को बधाई दी। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि प्रताप विद्यालय में बच्चों के लिए आधुनिक खेल मैदान, ट्रैक, जिम्नेजियम, अत्याधुनिक उपकरण और अनुभवी कोचों की व्यवस्था है। विद्यालय परिसर में खेल नर्सरियों और साई सेंटर जैसी सुविधाएँ उपलब्ध होने से खिलाड़ियों को स्तरीय ट्रेनिंग मिल रही है। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने बताया कि विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को भी समान महत्व दिया जाता है।

## विश्व रिकॉर्ड के साथ अंकुर ने एशियन शूटिंग में जीता स्वर्ण

- सोनीपत के अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज अंकुर ने हासिल किए 107 अंक, अपने पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा
- भीम अवार्ड व अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किए जा चुके हैं अंकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




सोनीपत। अपना पदक के साथ अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज अंकुर मित्तल।

सोनीपत के अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज अंकुर मित्तल ने एक बार फिर इतिहास रचते हुए देश का नाम रोशन किया है। कजाकिस्तान में 16 अगस्त से 30 अगस्त तक आयोजित 16वीं एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में अंकुर मित्तल ने डबल ट्रैप शूटिंग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने 107 अंकों का शानदार स्कोर बनाकर नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया। इस प्रदर्शन से उन्होंने न केवल स्वर्ण पदक जीता बल्कि अपने ही पुराने रिकॉर्ड को तोड़ने का गौरव भी हासिल किया। इस प्रतियोगिता में कजाकिस्तान के चिकुलापर प्रत्योम 98 अंकों के साथ रजत पदक के विजेता बने, जबकि कुवैत के अल्फासी अहमद ने 96 अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया। अंकुर का यह प्रदर्शन भारत के लिए गर्व का विषय है और देशभर के खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। उनकी इस जीत से एक बार फिर यह साबित हो गया है कि कठिन परिश्रम, निरंतर अभ्यास और मजबूत संकल्प से विश्व स्तर पर भारतीय खिलाड़ियों की पहचान मजबूत हो रही है। कजाकिस्तान में आयोजित यह प्रतियोगिता कई देशों के शीर्ष निशानेबाजों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा का केंद्र रही, लेकिन अंकुर मित्तल ने अपने अनुभव और कौशल के दम पर शीर्ष स्थान पर कब्जा जमाया।

## शेर सिंह स्कूल के 5 खिलाड़ी राज्यस्तर के लिए चयनित




गोहाना। राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के चयनित खिलाडियों को आशीर्वाद देते हुए शिक्षकगण।

**गोहाना।** शहर में सोनीपत मार्ग स्थित शेर सिंह पब्लिक स्कूल के खिलाडियों ने जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में पदक जीत कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस आधार पर स्कूल के 5 खिलाडियों का चयन राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के लिए किया गया है। शुक्रवार को स्कूल में चेयरमैन महेंद्र सिंह मलिक ने पांचों खिलाडियों को सम्मानित किया। शिक्षा विभाग द्वारा हाल ही में खंड स्तर और उसके बाद जिला स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। शेर सिंह पब्लिक स्कूल के पांच खिलाड़ी योगेश ने हैमर थ्रो, हर्ष लठवाल ने 600 मीटर दौड़, स्मृति ने अंडर-19 आयु वर्ग में जैवलिन थ्रो, नितिका ने अंडर-17 आयु वर्ग में जैवलिन थ्रो और दीक्षा ने कुश्ती प्रतियोगिता में अपने प्रतिद्वंद्वियों को पराजित करके उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर ये पांचों खिलाड़ी राज्य स्तर के लिए चयनित हुए हैं।

## डीएवी और गन्नौर के बीच गोलरहित रहा मैच

**सोनीपत।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में राइट टू फुटबॉल और हिंदू शिक्षण एवं धर्मार्थ समिति द्वारा संचालित अर्जुना स्पोर्ट्स अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। स्टेप्स फाउंडेशन के सहयोग से हो रही यह प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट प्रणाली पर खेली जा रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन एसएम हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संयोजक अशोक गोयल ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में हिंदू स्कूल की प्राचार्य नताशा छाबड़ा और सेवानिवृत्त फुटबॉल कोच देवेंद्र जून मौजूद रहे। उद्घाटन मैच में ओंटोजेनी स्कूल की टीम ने जानकीदास स्कूल को 3-0 से पराजित किया। दूसरा मैच डीएवी और गन्नौर की टीमों के बीच गोलरहित ड्रॉ रहा। तीसरे मुकाबले में सेंट जूड स्कूल ने मिलन एफसी को 1-0 से हराया। समाचार लिखे जाने तक लीग मुकाबले जारी थे। इस अवसर पर जिला फुटबॉल संघ के महासचिव नरेश मलिक, सह सचिव सुरेंद्र सिंह के अलावा प्रवीण, ऋषिवान, पंकज, नीतीश, रितिका, राहुल सहित कई खेल प्रेमी मौजूद रहे। प्रतियोगिता के अंतिम दिन शनिवार को बचे हुए लीग मैचों के साथ क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में सोनीपत हिंदू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल सोसाइटी के प्रधान राजीव अग्रवाल शिरकत करेंगे।



सोनीपत। मैच से पूर्व खिलाड़ियों के साथ अतिथिगण।

### तीन दिवसीय विशेष कार्यक्रमों का शुभारंभ



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे व स्टाफ।

**सोनीपत।** हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर जिलेभर में राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयुष विभाग सोनीपत द्वारा जिला आयुष अधिकारी डा. राम अवतार सिंह के नेतृत्व में तीन दिवसीय विशेष कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। आयोजन 29 अगस्त से 31 अगस्त तक महानिदेशक आयुष हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हो रहा है। आयुष विभाग के इस विशेष अभियान के अंतर्गत जिले की विभिन्न योगशालाओं और विद्यालयों में खेलकूद एवं योग संबंधी गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें विद्यार्थियों और योग साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कबड्डी, खो-खो, गिल्ली-डंडा, रेस, रिले रेस, मेंढक कूद और म्यूजिकल चेयर जैसे पारंपरिक खेलों ने कार्यक्रम में खास आकर्षण पैदा किया।



### टेबल टेनिस स्पर्धा में यश रहे प्रथम

**खरखौदा।** राजकीय महाविद्यालय पीपली में पद्म भूषण मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया। महाविद्यालय प्राचार्या डा. तराना नेगी की अध्यक्षता में तीन दिनों तक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। शारीरिक शिक्षा प्रभारी डा. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने व अच्छे, स्वास्थ्य हेतु नियमित रूप से खेल क्रियाएं करने के लिए शपथ दिलाई। प्राचार्या डा. तराना नेगी द्वारा मेजर ध्यानचंद की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थियों को मेजर ध्यानचंद के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। इस दौरान महाविद्यालय में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। टेबल टेनिस लड़कों के वर्ग में छात्र यश ने प्रथम, कैरम में सिमरन, प्रिया ने प्रथम, शिवानी व साक्षी ने द्वितीय, सिमरन व गरिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं : सपाह




**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को फिट इंडिया–ध्यानचंद अभियान के अंतर्गत 29 से 31 अगस्त तक तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्था के प्रधान डॉ ओपी परुथी व प्राचार्या डॉ मंजुला स्पाह ने सफल आयोजन की बधाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के कॉन्फ्रेंस हॉल में हुआ, जहां प्रिंसिपल डॉ. मंजुला सपाह ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका अनुशासन, दृढ़ निश्चय और खेल के प्रति समर्पण हर छात्रा के लिए प्रेरणा है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि मेजर ध्यानचंद की तरह लक्ष्य तय कर उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करें और खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत पहले दिन छात्राओं ने उत्साहपूर्वक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इनमें रूमाल झपट्टा, मटका रेस और रस्साकशी प्रमुख आकर्षण रहे।

### ग्राम पंचायत भादी में तीन दिवसीय पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं शुरू

गन्नौर। ग्राम पंचायत भादी में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में तीन दिवसीय पारंपरिक खेल प्रतियोगिता योग आयोग हरियाणा एवं आयुष विभाग हरियाणा के दिशा-निर्देशों में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. रामअवतार के मार्गदर्शन में शुरू हुई। योग शिक्षक जीत राम ने बताया कि इसमें विभिन्न खेल और योग गतिविधियां शामिल हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों की प्रार्थना और योगाभ्यास से हुआ। इसके बाद कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। खो-खो और रस्साकसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। तीसरे दिन 31 अगस्त को सूर्यनमस्कार और दौड़ प्रतियोगिता खेल महोत्सव के समापन पर होगा। गांव की सरपंच प्रमिला ने शुभारम्भ करते हुए खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल और योग स्वस्थ जीवन की कुंजी हैं। वे हमेशा खुश और तंदुरुस्त रहें। खेलो से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास होता है। सरकार द्वारा मुहिम के तहत ग्रामीण स्तर पर खेल और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। खेलो की व्यवस्था विभाग के कर्मचारियों ने संभाली।




सोनीपत। विजेता प्रतिभागियों के साथ प्रधान, प्राचार्या एवं अन्य।

### रिया खत्री और अंकित रहे प्रथम

सोनीपत। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद् द्वारा आयोजित "कला सृजन" ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में जैन विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न दृश्य कला श्रेणियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में जैन विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों में रिया खत्री एवं अंकित (कक्षा 9) ने प्रथम स्थान, रुद्र (कक्षा 9) ने तृतीय स्थान, लोकेश्वर (कक्षा 12) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधान राकेश जैन, प्राचार्या डॉ. नीरू एवं प्रबंधक समिति ने विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

### हॉकी के जादूगर ध्यानचंद की जयंती पर हुई मैराथन



**राई।** हरियाणा के सोनीपत में स्थित स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा ने हॉकी के जादूगर ध्यानचंद के जन्मदिन को स्पोर्ट्स डे के रूप में हर्षोल्लास से मनाया। शुभारंभ यूनिवर्सिटी के कुलपति अशोक कुमार और स्कूल की प्राचार्या मौसमी घोषाल ने ध्यानचंद के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर किया। मैराथन प्रतियोगिता परिणाम इस तरह से रहा, स्कूल की लड़कियों में प्रथम स्थान आरजू, द्वितीय स्थान सुनिधि, तृतीय स्थान सानिया। लड़कों में प्रथम शुभम, द्वितीय कार्तिक, तृतीय अर्जुन। यूनिवर्सिटी की लड़कियों में प्रथम रीना, द्वितीय दीक्षा, तृतीय प्रीति। यूनिवर्सिटी के लड़कों में प्रथम अंकुश, द्वितीय पीजी डिप्लोमा इन रेसलिंग के छात्र, तृतीय प्रशांत ने प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका सहायक प्रोफेसर डॉ. नीति और डॉ. अनु ने निभाई।

## समाज कल्याण सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित



गन्नौर। खेल दिवस पर स्कूल के छात्र खेलो में अपनी प्रतिभाग का प्रदर्शन करते हुए।

**गन्नौर।** समाज कल्याण सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बजाना कलां में राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साह से मनाया गया। विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना और ध्वज वंदन के साथ हुआ। विद्यालय में 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद एवं रस्साकसी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में बच्चों की भागीदारी और खेल भावना सराहनीय रही। विद्यालय की प्रधानाचार्य मनीषा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। खेल से न केवल शारीरिक विकास होता है बल्कि मानसिक संतुलन और अनुशासन भी मजबूत होता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे खेलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान दें। विद्यालय की प्रबंधक अनीता कुमारी ने विजयी छात्रों को आगे भी इसी तरह उत्साहपूर्वक खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिताओं में विजयी छात्रों में 400 मीटर दौड़ में अंशु (बाहरवीं कक्षा), 200 मीटर दौड़ में सुमित (दसवीं कक्षा), 100 मीटर दौड़ में ज्योति (दसवीं कक्षा) और रस्साकसी में अंशु (सातवीं कक्षा) ने बाजी मारी। वहीं, ऊंची कूद में अंकुश (बाहरवीं कक्षा) और लंबी कूद में वंश (नौवीं कक्षा) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उपप्रधानाचार्या नूतन, संगीता राणा,अमित बुरा और नीति श्योराण ने संयुक्त रूप से संचालन किया।

## मेजर ध्यानचंद जयंती पर खेलों का किया शुभारंभ

- राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी मैच, मेजर ध्यानचंद की जयंती को समर्पित खेल कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



राई। मुख्यअतिथि राई विधायक कृष्णा गहलावत के साथ प्रतिभागी खिलाड़ी व सीटीएम व भाजपा मंडलध्यक्ष शेखर आंतिल।

हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद की जयंती पर खेल प्रेमियों के लिए राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। जिला प्रशासन व जिला खेल अधिकारी द्वारा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित मैच में बतौर मुख्यअतिथि राई विधायक कृष्णा गहलावत ने शिरकत की। प्रशासन की तरफ से सीटीएम अनमोल व जिला खेल अधिकारी मनोज यादव ने विधायक कृष्णा गहलावत का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मैच सोनीपत टीम ब्लू व सोनीपत रेड टीम के बीच हॉकी मैच हुआ। जिसमें सोनीपत ब्लू ने रेड टीम को तीन-दो के अंतर से पराजित कर आगे की तरफ बढ़ोतरी प्राप्त की। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन न केवल मेजर ध्यानचंद की स्मृति को जीवित रखने का प्रयास है बल्कि युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है। मेजर ध्यानचंद भारतीय खेल जगत का वह नाम हैं जिन्हें पूरी दुनिया में हॉकी का जादूगर कहा जाता है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि खासकर सोनीपत में आयोजित होने वाला कार्यक्रम विशेष महत्व रखता है क्योंकि हरियाणा स्वयं खेलों की भूमि माना जाता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### बीपीएस महिला विश्वविद्यालय के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग द्वारा तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# सांस्कृतिक पहचान को मजबूत बनाता है ऐतिहासिक स्थलों का अध्ययन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग में शुक्रवार से तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारम्भ हो गया। कार्यशाला का विषय राखीगढ़ी में प्राप्त पुरातात्विक सामग्रीः मिट्टी के बर्तन एवं पत्थर के औजारों का निर्माण एवं अन्वेषण है। कार्यशाला की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना मलिक कर रही हैं।

शुभारम्भ सत्र में अपने संदेश में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि ऐसी कार्यशाला छात्राओं और शोधार्थियों को प्राचीन भारतीय सभ्यता की जड़ों से जोड़ती हैं। राखीगढ़ी जैसे ऐतिहासिक स्थलों का अध्ययन न केवल हमारे अतीत की झलक देता है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूत करता है। कार्यशाला में मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय से प्रो. आरसी ठाकरान ने कहा कि राखीगढ़ी में प्राप्त मिट्टी के बर्तनों और पत्थर के औजारों का वैज्ञानिक अध्ययन हमें यह समझने में मदद करता है कि सिंधु घाटी सभ्यता किस प्रकार उन्नत तकनीकों से परिचित थी।

इन अवशेषों से प्राचीन समाज की जीवन शैली, कला, शिल्प एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी मिलती है। डॉ. अर्चना मलिक ने बताया कि इस कार्यशाला में आंध्र प्रदेश, पंजाब, असम और तमिलनाडु सहित विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने राखीगढ़ी में प्राप्त पुरातात्विक अवशेषों का अवलोकन कर उनकी ऐतिहासिकता एवं निर्माण तकनीक को समझा। कार्यशाला में प्रतिभागियों को प्राचीन भारतीय संस्कृति एवं पुरातत्व की गहन समझ प्रदान करने के साथ-साथ शोध और नवाचार की दिशा में भी प्रेरित किया जाएगा। मंच संचालन आशु सोमया ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शीतल ने प्रस्तुत किया। इस आयोजन में एशियाटिक सोसायटी ऑफ सोशल साइंस का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक गण डॉ. सुमेर सिंह, डॉ. मोनिका सहित विभाग की सभी छात्राएं उपस्थित रहीं।



गोहाना। मुख्य वक्ता प्रो. आरसी ठाकरान का स्वागत करते विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना मलिक। फोटो : हरिभूमि